देश का पशुसखी प्रशिक्षण ‘A-HELP’ कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

20 जुलाई, 2022 को मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा 23 जुलाई को संयुक्त रूप से भोपाल से देश में **'A-HELP'** प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- यह कार्यक्रम प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। इसमें प्रतीक चिह्न का भी लोकार्पण किया जाएगा।
- कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में पंजीकृत स्व-सहायता समूहों की ऐसी महिला सदस्य, जो पशुसखी के रूप में विभिन्न पशुपालन गतिविधियों में सहयोग दे रही हैं, को **'A-HELP' (Accredited Agent for Health and Extension of Livestock Production)** के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- **'A-HELP'** समुदाय आधारित महिला कार्यकर्त्ता हैं, जो पशु चिकित्सकों को स्थानीय विभागीय कार्यों में सहयोग देने के साथ पशुपालकों को उद्यमिता विकास के लिये ऋण लेने, आवेदन भरने, पशुओं के कान की टैगिंग को चिह्नित कर इनाफ पोर्टल पर दर्ज़ कराने और पशुधन बीमा आदि कार्यों में सहायता करेंगी।
- विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग और निचले स्तर तक पशुपालकों को जानकारी उपलब्ध कराने में **'A-HELP'** की सहायता ली जा सकेगी। इससे **'A-HELP'** को आय का साधन भी उपलब्ध हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-country-animal-training-program-a-help